>

Title: Need to construct a barrage on Sakri river in Bihar. -laid

श्री चंदन सिंह (नवादा): प्रकृति पर निर्भर रहने वाले जमुई, नवादा, शेखपुरा के किसानों का हर साल सुखाड़ की वजह इनकी लहलहाती फसल बर्बाद हो जाती है । नदी जोड़ योजना के तहत सिंचाई के लिए अति महत्वपूर्ण माने जाने वाली नाटी और सकरी नदी को जोड़ने के लिए यहाँ के किसान लगातार संघर्ष कर रहे हैं । यदि यह योजना का क्रियान्वयन होता है तो जमुई, नवादा, शेखपुरा, नालन्दा तथा लखीसराय जिले के बड़े भूभाग पर बहुत हद तक सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो जाएगी । सकरी नदी को नाटी में मिलाने के लिए जमुई, नवादा, शेखपुरा, नालंदा के किसानों के लिए सिंचाई जैसे अति महत्वपूर्ण योजना सकरी बराज निर्माण कब पूरा होगा कहा नहीं जा सकता । सकरी बराज का निर्माण नवादा के गोविन्दपुर प्रखंड के बक्सोती गाँव के समीप सकरी नदी पर बांध बनाकर कौआकोल से दक्षिण नाटी नदी में मिलाना है जिसकी दूरी लगभग 18 किलोमीटर है । बिहार विभाजन के बाद सकरी बराज का कैचमेंट एरिया झारखण्ड के कोडरमा, गिरिडीह तथा हजारीबाग के इलाके में चला गया । इस योजना के क्रियान्वयन के लिए 1977 में जमुई, नवादा, शेखपुरा के कई विधायक व सांसदों ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जी से मिलकर योजना पर अमल करने का अनुरोध किया था, लेकिन यह योजना कुछ कारणों के चलते ठंडे बस्ते में चली गयी लेकिन स्थानीय किसानों ने हिम्मत नहीं हारी और संगठित होकर संघर्ष को तेज किया । परिणामस्वरूप 20 अक्टूबर, 1984 को तत्कालीन मुख्यमंत्री ने गोविंदपुर प्रखंड के बकसोती के समीप इस योजना का शिलान्यास किया । प्रस्तावित योजना के अनुसार इसके निर्माण से तत्कालीन मुंगेर जिले का लगभग 29 हजार 286 एकड़ भूभाग का पटवन किए जाने का लक्ष्य था । 20 नवम्बर, 1991 को तत्कालीन जल संसाधन मंत्री, भारत सरकार ने भी इस योजना को प्राथमिकता के आधार पर कार्यरूप दिए जाने से संबंधित एक पत्र राज्य सरकार को लिखा था एवं एक सामाजिक कार्यकर्ता ने पटना हाईकोर्ट में सीडब्ल्यूजेसी

दाखिल कर इस योजना के निर्माण का आग्रह किया था तथा हाईकोर्ट की खंडपीठ ने 6 अक्टूबर, 2004 को राज्य के जल संसाधन विभाग के आयुक्त सह सचिव को प्राथमिकता के आधार पर योजना पर अमल करने का आदेश दिया था। लेकिन कोर्ट के आदेश के बाद भी कोई पहल नहीं हो सकी, जिसके चलते कृषि पर आधारित नवादा के कृषक हर साल सूखे की मार झेल रहे हैं।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूँ कि नवादा के गोविन्दपुर प्रखंड के बक्सोती गाँव के समीप सकरी नदी पर सकरी बराज का निर्माण कराया जाये ताकि 40 हजार हेक्टेयर में सिंचाई की व्यवस्था होगी जिससे जमुई, नवादा, शेखपुरा और नालंदा जिलों के लाखों किसानों को फायदा होगा।